University in News on 17 August 2024

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

पीजी के 17 पाठ्यक्रमों में दूसरा सीट आवंटन आज

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में चल रही परास्नातक की प्रवेश प्रक्रिया के तहत शनिवार को 17 पाठ्यक्रमों में दूसरा सीट आवंटन जारी होगा। अभ्यर्थी दोपहर 12 बजे के बाद लॉगइन आईडी और पासवर्ड के माध्यम से सीट आवंटन से जुड़ा विवरण देख सकते हैं।

20 अगस्त तक जमा करना होगा शुल्क

विवि के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि सीट आवंटन अभ्यर्थियों को उनकी च्वाइस फिलिंग के हिसाब से किया गया है। जो अभ्यर्थी सीट आवंटन से संतुष्ट हैं, वे 20 अगस्त मध्य रात्रि तक सीट कन्फर्मेशन शुल्क जमा करते हैं। शुल्क विवि की वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा होगा। जिन विषयों के लिए सीट आवंटन जारी किया जाएगा उसमें एमए सोशियोलॉजी, अंग्रेजी, जॉग्रफी, सोशल वर्क, पॉलिटिकल साइंस, जर्नलिज्म, हिंदी, एमआईएच, साइकोलॉजी, इकोनॉमिक्स और एमएससी फूड प्रोसेसिंग, फिजिक्स, एप्लायड जियोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, फॉरेंसिक साइंस, गणित, एंथ्रोपोलॉजी शामिल हैं। अभ्यर्थी किसी भी समस्या पर प्रवेश विभाग में संपर्क कर सकते हैं। उधर, बीए एनईपी और डीफार्मा के लिए तीसरा सीट आवंटन भी जारी कर दिया गया है। 20 अगस्त तक सीट कन्फर्मेशन शुल्क जमा करना होगा।

5000 नए छात्रों को सीट अलॉट, 13 हजार की अपग्रेड

लखनऊ। प्रदेश के इंजीनियरिंग व मैनेजमेंट संस्थानों में प्रवेश के लिए चल रही काउंसिलिंग प्रक्रिया में एकेटीयू ने शुक्रवार को दूसरे चरण का सीट अलॉटमेंट जारी कर दिया। इसमें बीटेक, एमबीए, एमसीए में पांच हजार नए छात्रों को सीट अलॉट हुई है। वहीं, 13 हजार छात्रों की सीट अपग्रेड भी हुई है। विवि की ओर से दूसरे चरण की काउंसिलिंग के लिए 13-14 अगस्त को च्वाइस फिलिंग कराई गई थी। इसी क्रम में शुक्रवार को अलॉटमेंट जारी किया गया। इसके तहत 5017 नए छात्रों को सीट अलॉट की गई। वहीं, पहले चरण में सीट अपग्रेडेशन में जाने वाले 13598 विद्यार्थियों की सीट अपग्रेड भी की गई। सीट पाने वाले विद्यार्थियों को 19 अगस्त तक निर्धारित 20 व 12 हजार रुपये शुल्क जमाकर सीट सुरक्षित करनी होगी। इस चरण में भी विद्यार्थी निर्धारित शुल्क जमाकर अच्छी सीट के लिए अपग्रेडेशन में जा सकते हैं, जबकि तीसरे चरण की च्वाइस फिलिंग 20 अगस्त से शुरू होगी। विवि प्रशासन के अनुसार पहले चरण में 6201 छात्रों ने अपनी पसंद की सीट मिलने के बाद सीट लॉक कर दी है, जबकि 17279 ने सीट फ्लोट की है। वहीं 7713 ने सीट कंफर्मेशन शुल्क नहीं दिया। इसकी वजह से वह काउंसिलिंग प्रक्रिया से बाहर हो गए हैं। (ब्यूरो)

लविवि में झंडारोहण करते वीसी प्रो. आलोक कुमार राय। -संवाद

नागर की जयंती पर कहानी का वाचन

लखनऊ। पद्म भूषण अमृतलाल नागर की जयंती सप्ताह पर शुक्रवार को लविवि के एपीसेन सभागार में संगोष्ठी और कहानी का वाचन हुआ। गणेश वंदना और भरतनाट्यम से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद पेपर पढ़े गए। इबादत की चिट्ठियां, शकीला की मां की कहानी का अभिनय विवि के छात्रों ने किया। प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना, एमएलसी महेंद्र सिंह, अभिनेता डॉ. अनिल रस्तोगी, प्रो. सूर्य नारायण दीक्षित आदि मौजूद रहे। (संवाद)

विज्ञान का मूल है संस्कृत भाषा

लखनऊ। लविवि के संस्कृत तथा प्राकृत भाषा विभाग में शुक्रवार को संस्कृत महोत्सव की शुरुआत हुई। उद्घाटन प्रो. रामसुमेर यादव ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा-विज्ञान का मूल है। यह अध्यात्म और शांति की भाषा है। कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो. अरविंद मोहन, डॉ. ऋचा पांडेय, डॉ. सत्यकेतु, डॉ. अनिल कुमार पोरवाल, डॉ. विष्णुकांत शुक्ल, डॉ. अनुज कुमार शुक्ल आदि मौजूद रहे। (संवाद)

i-NEXT PAGE 7

एलयू में लगा रक्तदान शिविर

लखनऊ विश्वविद्यालय और एक कोशिश ऐसी भी, संस्था ने स्वतंत्रता दिवस पर विश्वविद्यालय के आर के मुखर्जी सभागार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया. इसका उद्घाटन वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने किया. शिविर में 39 लोगों ने रक्तदान किया.

बीपीएड, एमपीएड की मेरिट जारी

लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीपीएड और एमपीएड कोर्सों में दाखिले के लिए मेरिट सूची जारी कर दी है. प्रवेश समन्वयक डा. अनित्य गौरव ने बताया कि अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट https//www.lkouniv.ac.in/ पर इसे देख सकते हैं.

JAGRAN CITY PAGE III

लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीपीएड और एमपीएड की मेरिट जारी

जासं ● लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने बी.पी.एड और एम.पी.एड पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए मेरिट सूची जारी कर दी है। प्रवेश समन्वयक डा. अनित्य गौरव ने बताया कि अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkoun iv.ac.in/ पर इसे देख सकते हैं। वहीं, एम.एससी जूलाजी, एम.काम अप्लाइड इकोनामिक्स, एम.ए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन व बी.लिबएससी में सीट पाने वालों को 17 अगस्त तक फीस जमा करने का मौका दिया है।

रक्तदान शिविर : लवि और एक कोशिश ऐसी भी, संस्था ने स्वतंत्रता दिवस पर विश्वविद्यालय के आर के मुखर्जी सभागार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इसका उद्घाटन कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया। 39 लोगों ने रक्तदान किया।

सेमिनार 30 नवंबर से : लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी आफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के तत्वाधान में 30 नवंबर एवं 1 दिसंबर को द्वितीय परिसर में होगा। मांसपेशियों पर योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा का प्रभाव विषयक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। इसमें दिल्ली, हरियाणा, मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, पंजाब, सिक्किम, ओडिशा, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, केरल, मध्य प्रदेश से योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ आएंगे।

पोस्टर प्रतियोगिता में मुस्कान चौधरी प्रथम

नवयुग कन्या महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग की ओर से विकसित भारत : 2047 विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता हुई। इसमें विभाग की प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन राजनीति शास्त्र विभाग की प्रोफेसर ज्योत्सना गौतम व समाजशास्त्र विभाग की सहायक प्रोफेसर डा. अपर्णा राय ने किया। प्रथम पुरस्कार मुस्कान चौधरी, द्वितीय पुरस्कार पलक कन्नौजिया, तृतीय पुरस्कार वैष्णवी पाठक और सांत्वना पुरस्कार मनाली बाजपेयी ने प्राप्त किया। प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने छात्राओं को प्रोत्साहित किया।

HINDUUSTAN PAGE 8

डाक्यूमेंट्री से दिखाए रैगिंग के दुष्परिणाम

जासं ● लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में मनाए जा रहे एंटी रैगिंग सप्ताह के अंतर्गत शुक्रवार को मनोविज्ञान विभाग की ओर से रैगिंग के हानिकारक प्रभावों के बारे में छात्र-छात्राओं के बीच जागरुकता पैदा करने और संस्थान के भीतर रैगिंग मुक्त वातावरण बनाए रखने के लिए एक डाक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें रैगिंग का शिकार हुए एक मेधावी छात्र के जीवन को दर्शाया गया था।

फिल्म में रैगिंग से छात्र पर पड़ने वाले भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और शैक्षणिक प्रभाव पर प्रकाश डाला गया, जो अंततः उसके करियर और जीवन के विनाश का कारण बना। इसके बाद चर्चा-आधारित फिल्म दिखाई गई। इसमें रैगिंग के मुद्दे से निपटने के तरीके पर छात्रों, प्रशासनिक अधिकारियों और रैगिंग विरोधी कार्यकर्ताओं के साथ चर्चाओं की एक श्रृंखला प्रस्तुत की गई।

लखनऊ विश्वविद्यालय में कुलपति ने ऐतिहासिक कला संकाय प्रांगण में ध्वजारोहण किया। विभागों में भी इस अवसर पर आयोजन हुए।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 8

लविवि शिक्षकों ने निकाली तिरंगा यात्रा

लखनऊ (एसएनबी)। 78वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर लखनऊ विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय की मौजूदगी में तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ो शिक्षकों ने भाग लिया । टैगोर लॉन से हाथों में तिरंगा लेकर यात्रा शुरू हुई। इस दौरान कुलपति जिस विभाग के सामने से निकले वहां के सभी शिक्षक यात्रा में शामिल होते गए। सभी शिक्षकों ने भारत माता की जय, वंदे मातरम जैसे कई नारे भी लगाए। आजादी में शहीद हुए क्रांतिकारियों को भी याद किया।

टैगोर लॉन से शिवाजी मैदान तक निकली यात्रा

टैगोर लॉन से शुरू हुई तिरंगा यात्रा समाजशास्त्र, प्राणि विज्ञान, लाल बारादरी, मुख्य कुलानुशासक कार्यालय से होते हुए शिक्षाशास्त्र विभाग के सामने से जाकर शिवाजी मैदान में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के पास समाप्त हुई। सभी शिक्षकों ने शिवाजी महाराज को नमन किया। तिरंगायात्रा में प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना, दुर्गेश श्रीवास्तव, केया पांडेय, राकेश द्विवेदी समेत सैकड़ों की संख्या में शिक्षक शामिल हुए। इसके अलावा राजनीति शास्त्र विभाग की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रति कुलपति प्रो.मनुका खन्ना रही। छात्र-छात्राओं ने कविता पाठ, नृत्य, गायन, भाषण आदि में प्रतिभाग किया।

देशभक्ति के टैटू बनाकर दिखाई रचनात्मकता : लखनऊ। प्राणि विज्ञान विभाग और वन्यजीव विज्ञान संस्थान की ओर से भारत का दृष्टिकोण 2047 थीम पर एक पोस्टर प्रतियोगिता हुई। मेरा भारत शीर्षक पर कविता और राष्ट्रीय प्रतीकों पर टैटू बनाने की गतिविधि का आयोजन हुआ। समन्वयक प्रो.अमिता कनौजिया ने बताया कि कविता क्षेत्र में जोहा, अराध्या, गौरव और अंश विजेता है। टैटू में शगुन, अनुप्रिया, शिवांगी और पोस्टर में आयुष, प्रशांति, सौम्या और सूर्याश जीते।

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

शहर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया आजादी का जश्न

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। तिरंगे झंडो और रंगीन झालरों से सजीधजी राजधानी में राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आजादी के जश्न में डूबी नवाबी नगरी के स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के साथ सरकारी

स्कूल, कालेज, विश्वविद्यालय और सरकारी कार्यालयों में हुआ झंडारोहण

कार्यालयों में झंडारोहण के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कड़ी में लखनऊ विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने ऐतिहासिक कला संकाय प्रांगण में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर शिक्षक,छात्र-छात्राएं और शिक्षणेतर कर्मचारी उपस्थित थे। इसके पश्चात कुलपति ने उपस्थित लोगों को लविवि की प्रगति, उपलब्धियों के बारे में बताया। लविवि के द्वितीय परिसर में भी निदेशक द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसी क्रम में लविवि और एक कोशिश ऐसी भी संस्था ने स्वतंत्रता दिवस पर आर.के.मुखर्जी सभागार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में जुटे छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति के गीतों पर झूमते हुए उत्साह से भाग लिया। शिविर का उद्घाटन कुलपति ने किया। उन्होंने कहा, रक्तदान हम सबकी जिम्मेदारी है। शिविर में जुटे युवाओं ने आगे बढ़कर हिस्सा लिया।

तिरंगा फहराकर वीर शहीदों को किया याद

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में 78वें स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण किया गया। कुलपति प्रो.नरेन्द्र बहादुर सिंह ने तिरंगा झंडा फहराकर वीर शहीदों को याद किया। इस मौके पर कुलपति ने सभी शिक्षकों, अधिकारियों,विद्यार्थियों और कर्मचारियों को राष्ट्र के युवाओं को नशामुक्ति प्रण की शपथ दिलाकर कार्यक्रम को आरंभ किया।

हमें गुलामी की बेड़ियों से मुक्ति मिली

डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। साथ ही काकोरी एक्शन प्लान पर आधारित लेजर लाइट शो का भी आकर्षक आयोजन हुआ। इसके पहले शुरूआत कुलपति प्रो.जेपी पाण्डेय ने तिरंगा फहराकर किया। कुलपति ने आजादी में अपनी प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को याद कर नमन किया। उन्होंने कहा, आजादी के लिए बहुत सी कुर्बानियां दी गयी। हमारे पूर्वजों ने अपनी जान न्योछावर कर दिया,तब जाकर आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। यह हमारा सौभाग्य है कि हमें गुलामी की बेड़ियों से मुक्ति मिली है।

बच्चों को बताया स्वतंत्रता दिवस का महत्व

बीकेटी स्थित महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज में प्रबंधक अनिल कुमार सिंह ने 78वें स्वतंत्रता दिवस पर झंडारोहण किया। इसके पश्चात बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दी। अतिथियों ने बच्चों को स्वतंत्रता दिवस का महत्व बताया। बच्चों को मिष्ठान वितरण के साथ प्रबंधक ने अतिथियों को अपने पिता सर्वनाम सिंह द्वारा स्वतंत्रता संग्राम विषय पर लिखी दो पुस्तकें भेंट की।

बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर दी प्रस्तुतियां

जश्न-ए-आजादी के मौके पर डालीगंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बरौलिया-2 में पूर्व पार्षद रेखा रोशनी ने बतौर मुख्य अथिति झंडारोहण किया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षामित्र उबैद सिद्दीकी, बच्चे और उनके अभिभावक उपस्थित रहे। झंडारोहण के बाद बच्चों ने देशभक्ति गीतों का गायन, नृत्य देशभक्ति कविताओं का पाठ किया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को मिष्ठान वितरित किया गया।

मदरसे के बच्चों ने फहराया तिरंगा

सफल उदय शैक्षिक व सामाजिक कल्याण संस्था ने स्वतंत्रता दिवस पर खुर्सनगर स्थित रैडिएंट एंजल मदरसे में अद्वितीय चित्रकला का आयोजन किया। इस सहयोगात्मक प्रयास का उद्देश्य मदरसे के जरूरतमंद बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को निखारना और उन्हें स्वतंत्रता की भावना का उत्सव मनाने का अवसर प्रदान करना था। संस्था ने मदरसे के शिक्षकों के साथ मिलकर तिरंगा फहराया। यह एकता और देशभक्ति का प्रतीक बना और इस विशेष दिन को यादगार बना दिया।

विधायक ने किया झण्डारोहण

लखनऊ पूर्वी विधानसभा में स्वतंत्रता दिवस का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्षेत्रीय विधायक ओपी श्रीवास्तव ने सबसे पहले इंदिरानगर स्थित अपने आवास पर झण्डारोहण किया। इसके बाद वह विभिन्न स्कूलों, आवासीय समितियों और भाजपा संगठन पदाधिकारियों की ओर से आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया।

आप ने हर्षोल्लास के संग मनाया 78वां स्वतंत्रता दिवस

जश्न-ए-आजादी के मौके पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में यूपी प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने ध्वजारोहण कर शहीदों को नमन किया। संजय सिंह ने कहा, हम सब भारतवासी मिलकर प्रण लें कि आने वाले समय में भारत को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाएंगे। उन्होंने कहा, ब्रिटिश हुकूमत से देश को आजाद कराने के लिए क्रांतिकारियों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

देश को फासीवाद के शिकंजे से करायेंगे मुक्त : माले

जश्न-ए-आजादी पर भाकपा (माले)ने झंडारोहण करके देश को फासीवाद के शिकंजे से मुक्त कराने और शहीदों के सपनों का भारत बनाने का संकल्प लिया। बीकेटी स्थित गोराही गांव में झंडारोहण के बाद किसान नेता कामरेड छोटे लाल की अध्यक्षता में संकल्पसभा को सम्बोधित करते हुए माले के जिला प्रभारी कामरेड रमेश सिंह सेंगर ने कहा,अंग्रेजी साम्राज्यवाद के खिलाफ 90 वर्ष तक चले स्वाधीनता आंदोलन में हजारों किसानों मजदूरों की शहादत के साथ देश के क्रांतिकारी विचारों के भगत सिंह जैसे युवाओं ने अपना सब कुछ बलिदान कर दिया।

स्वाधीनता दिवस के महत्व पर चर्चा

जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस को बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत सिंह पटेल ने झण्डारोहण किया। राष्ट्रगान के पश्चात मिष्ठान वितरण हुआ। इसके बाद विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सभी वक्ताओं ने स्वाधीनता दिवस पर अपने सारगर्भित विचार रखे।

खिलाड़ी व पुलिसकर्मी सम्मानित

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के मुख्यालय शक्ति भवन में कारपोरेशन अध्यक्ष डॉ.आशीष कुमार गोयल द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट खिलाड़ियों एवं परिवर्तन दल के पुलिस कार्मिकों को पुरस्कृत किया गया। अध्यक्ष ने स्वतंत्रता आंदोलन की याद दिलाते हुए कर्मचारियों का आवाहन किया कि प्रदेश के विकास में ऊर्जा संबंधी अपने दायित्वों को बेहतर निर्वहन करते हुए अपना योगदान देते रहें। वहीं,मध्यांचल विद्युत वितरण निगम मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कलेक्ट्रेट में डीएम ने किया ध्वजारोहण

जश्न-ए-आजादी के मौके पर जिलाधिकारी कार्यालय में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम में जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने ध्वजारोहण कर वीर शहीदों को नमन किया। इसके बाद स्वतंत्रता दिवस के महत्व और आजादी की लड़ाई में शहीद होने वाले क्रांतिकारियों के जीवन संघर्षों पर प्रकाश डाला। इस दौरान जिला प्रशासन के तमाम अधिकारी एवं कलेक्ट्रेट कर्मचारी मौजूद रहे।

LOKSATYA PAGE 3

लखनऊ विश्वविद्यालय में शुरू हुआ संस्कृत महोत्सव

दीप-प्रज्ज्वलन के साथ उद्घाटन समारोह का आरम्भ

लखनऊ, लोकसत्य। लखनऊ विश्वविद्यालय में संस्कृत सप्ताह के अवसर पर संस्कृत महोत्सव के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया। मुख्यातिथि संस्कृत व प्राकृत भाषा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के विभागाध्यक्षचर प्रो. रामसुमेर यादव थे। कला संकाय के अधिष्ठाता व संस्कृत, प्राकृत भाषा विभाग के पदेनाध्यक्ष प्रो. अरविन्द मोहन ने संस्कृत की साम्प्रतिक उपादेयता को लेकर अध्यक्षीय उद्बोधन किया। उन्होंने आग्रह किया कि संस्कृत भाषा में आज अर्थशास्त्र विषयक कार्य क्यों नहीं हो रहा। केवल प्राचीनता की चर्चा मात्र करने से ही संस्कृत भाषा का उद्धार नहीं होगा।

संस्कृत बोलने के लाभ हमें जनमानस तक पहुँचाने होंगे। संस्कृत जब तक व्यवहार में नहीं होगी तब तक कोई विश्वस्तरीय शोध कार्य सम्भव नहीं है। चूँकि भाषा सीखने की उम्र आरम्भिक होती है, लेकिन आज बहुत बड़ी अवस्था में जाकर संस्कृत भाषा या अंग्रेजी आदि अन्य भाषाओं को सीखने में युवाओं की बहुत बडी शक्ति लग रही है। नये उपायों को सोचने, आविष्कारों को करने की उम्र 20-25 की होती है। जो आजकल केवल डिग्री प्राप्त करने अथवा नयी भाषा सीखने में लग रही है। यदि संस्कृत भाषा मातृभाषा होगी, तो संस्कृत के माध्यम से चिन्तन होने के कारण नये आविष्कारों को करने का सामर्थ्य भी प्राप्त होगा।संस्कृत, संस्कृति, विरासत, विज्ञान और विकास का सन्तुलन बना कर बढ़ना होगा। आपने कहा कि संस्कृत के ग्रंथों एवं पुराणो में विरासत समाहित है । संस्कृत के ज्ञान के बिना विरासत को संजोया नहीं जा सकता है। संस्कृत भाषा को अन्य विषयों से जोड़ने की परम आवश्यकता है।

यह एक व्यावहारिक समस्या है कि जो संस्कृत जानता है, वह आधुनिक ज्ञान-विज्ञान से परिचित नहीं है और जो आधुनिक ज्ञान-विज्ञान का ज्ञाता है, वह संस्कृत से अपरिचित है। हमें निकट भविष्य में भारत को भव्य बनाने के लिए अपने बीच की इस समस्या का समाधान ढूंढना ही पड़ेगा। इसके अभाव में संस्कत को जनभाषा बनाना अत्यन्त दूरूह कार्य है।